E-mail : eeupjnruralalig@gmail.com
Telephone No. : 0571-4507626

# उत्तर प्रदेश जल निगम (ग्रामीण)

## कार्यालय अधिशासी अभियन्ता, खण्ड कार्यालय,

अपोलो चिल्ड्रन हॉस्पीटल के सामने गली में, एटा चुंगी–बोनेर (जी0टी0) रोड,सिंधौली,अलीगढ़–202001

पत्रांक 1491 / **M-15** / **63** दिनाँक– 29.05.2026.

सेवा में

जिलाधिकारी महोदय,
अलीगढ़।

विषय– <u>ऑनलाइन समाचार पोर्टल 'दैनिक भास्कर' अलीगढ़ में ग्राम असनेता जहांगीराबाद, विकास खण्ड– लोधा की पेयजल योजना से सम्बन्धित दिनांक 28.05.2026 को प्रकाशित समाचार के सम्बन्ध में आख्या।</u>

महोदय,

कृपया उपरोक्त विषयक ग्राम असनेता जहांगीराबाद विकास खण्ड–लोधा में जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत क्रियान्वित पेयजल योजना पर ऑनलाइन समाचार पोर्टल 'दैनिक भास्कर', अलीगढ़ में शीर्षक ''जल जीवन मिशन वाटर वर्क्स से सोलर केबिल चोरी, असनेता जहांगीराबाद में दो सोलर पैनल भी क्षतिग्रस्त'' के साथ दिनांक 28.05.2026 को प्रकाशित समाचार के अनुक्रम में सादर अवगत कराना है कि जनपद–अलीगढ़ के कुल 1124 राजस्व ग्रामों में से 54 राजस्व ग्राम 43 नग पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं से आच्छादित है, जिसका संचालन एवं रख–रखाव (ओ.एण्ड.एम) ग्राम पंचायतों द्वारा किया जा रहा था। ग्रामीण पेयजल योजनाओं के अनुरक्षण हेतु प्रख्यापित नवीन अनुरक्षण नीति–2024 के अनुक्रम में माह मई, 2025 से पूर्व निर्मित पेयजल योजनाओं के सुदृढ़ीकरण एवं 10 वर्ष के संचालन एवं रख–रखाव हेतु मै0 प्रवीन इलैक्ट्रीकल्स प्रा0लि0 मुम्बई का चयन किया गया है, जिस हेतु सुदृढ़ीकरण के प्राक्कलन विरचित कर स्वीकृति एवं धनावन्टन हेतु मुख्यालय प्रेषित किये जा चुके हैं। अवशेष 1070 ग्रामों को जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत सूचीबद्ध फर्मो मै0 ऑयन एक्सचेंज, मै0 के0पी0टी0एल0 एवं मै0 पी0एन0सी0 को आवंटित किया गया है, जो 724 नग ग्रामीण पेयजल योजनाओं से आच्छादित है। समस्त योजनाओं के अन्तर्गत प्रस्तावित कुल कार्य नलकूप–731 नग, पम्प हाउस 731 नग, वितरण प्रणाली 7171 कि0मी0, शिरोपरि जलाशय 729 नग, कुल 393876 नग गृह जल संयोजन एवं 2023 कि0मी0 रोड ट्रेन्च मरम्मत के कार्य प्रस्तावित है, जिसके सापेक्ष क्रमशः 730 नग नलकूप, 722 पम्प हाउस, 7120 कि0मी0 वितरण प्रणाली, 306 नग शिरोपरि जलाशय, 386058 नग गृह जल संयोजन एवं 1959 कि0मी0 रोड ट्रेन्च मरम्मत (जबकि मोटरेबिल 100%) के कार्य पूर्ण किये जा चुके है। शेष कार्य प्रगति पर है एवं माह मार्च 2027 तक पूर्ण किया जाना प्रस्तावित है।

जल जीवन मिशन योजनान्तर्गत 1070 नग राजस्व ग्रामों के सापेक्ष 161 नग राजस्व ग्रामों में समस्त कार्य पूर्ण कर ओ0 एण्ड एम0 में सम्मिलित की गयीं 115 नग योजनाओं में शिरोपरि जलाशय के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है एवं 554नग राजस्व ग्रामों में सीधे पम्पिंग/शिरोपरि जलाशय के माध्यम से आंशिक जलापूर्ति की जा रही है।

इसके साथ ही अवगत कराना है कि समाचार में उल्लिखित ग्राम असनेता जंहगीराबाद पेयजल योजना, विकास खण्ड– लोधा में प्रस्तावित कार्य नलकूप 01 नग, पम्प हाउस 01 नग, बाउण्ड्रीवाल 01 नग, शिरोपरि जलाशय 75 किली/12 मी0 वितरण प्रणाली 6062 मी0, गृह जल संयोजन 338 नग एवं 2720 मी0 रोड ट्रेंच मरम्मत के सापेक्ष नलकूप 01 नग, पम्प हाउस 01 नग, बाउण्ड्रीवाल 01 नग, शिरोपरि जलाशय 100%, वितरण प्रणाली 6062 मी0, गृह जल संयोजन 338 नग एवं ट्रेन्च मरम्मत 2720 मी0 अर्थात 100% के कार्य पूर्ण किये जा चुके है। वर्तमान में योजना के सभी कार्य पूर्ण करते हुये योजना संचालन एवं रखरखाव में संचालित की जा रही है। योजना पर अधिष्ठापित सोलर पैनल केबिल की चोरी होने के कारण

डीजी सेट के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है जिसके सम्बन्ध में प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है एवं मरम्मत कार्य प्रगति पर है।

यहाँ यह भी अवगत कराना समीचीन होगा कि भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन योजना की समयावधि दिसम्बर 2028 तक बढ़ा दी गयी है। माह जुलाई 2024 से केन्द्रांश की धनराशि अवमुक्त न होने केकारणयोजना की प्रगति प्रभावित हुई है। तथापि संचालन एवं रखरखाव में सम्मिलित नही किये गये554 ग्रामों में जिनकासंचालन अनुबन्ध शर्तों में बाध्यकारी न होने के पश्चात भी शिरोपरि जलाशय/सीधे पम्पिंग द्वारा आंशिक जलापूर्ति जनहित में की जा रही है।

योजना से सम्बन्धित कोई भी शिकायत जल सारथी एप या टोल फ्री नम्बर 1800–1212–164 पर की जा सकती है। विभाग समस्या के त्वरित समाधान हेतु प्रतिबद्ध है।

सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेंषित।

**संलग्नकः**–संलग्न जलापूर्ति के फोटोग्राफ।

भवदीय

29/05/2026

(लोकेश शर्मा)

अधिशासी अभियन्ता

पत्रांक व दिनांक उक्त।

प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ़।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. सहायक निदेशक, सूचना, जनपद– अलीगढ़।
4. परियोजना प्रबन्धक, मै0 के0पी0टी0एल0, अलीगढ़।

अधिशासी अभियन्ता

डीजी सेट के माध्यम से जलापूर्ति की जा रही है जिसके सम्बन्ध में प्राथमिकी दर्ज करा दी गयी है एवं मरम्मत कार्य प्रगति पर है।

यहाँ यह भी अवगत कराना समीचीन होगा कि भारत सरकार द्वारा जल जीवन मिशन योजना की समयावधि दिसम्बर 2028 तक बढ़ा दी गयी है। माह जुलाई 2024 से केन्द्रांश की धनराशि अवमुक्त न होने केकारणयोजना की प्रगति प्रभावित हुई है। तथापि संचालन एवं रखरखाव में सम्मिलित नही किये गये554 ग्रामों में जिनकासंचालन अनुबन्ध शर्तों में बाध्यकारी न होने के पश्चात भी शिरोपरि जलाशय/सीधे पम्पिंग द्वारा आंशिक जलापूर्ति जनहित में की जा रही है।

योजना से सम्बन्धित कोई भी शिकायत जल सारथी एप या टोल फ्री नम्बर 1800–1212–164 पर की जा सकती है। विभाग समस्या के त्वरित समाधान हेतु प्रतिबद्ध है।

सादर सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित।

**संलग्नकः**–संलग्न जलापूर्ति के फोटोग्राफ।

भवदीय

(लोकेश शर्मा)
अधिशासी अभियन्ता

पत्रांक व दिनांक उक्त।


प्रतिलिपि निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः–

1. मुख्य विकास अधिकारी, अलीगढ़।
2. मुख्य अभियन्ता (ग्रामीण), उ0प्र0 जल निगम (ग्रामीण), लखनऊ।
3. सहायक निदेशक, सूचना, जनपद– अलीगढ़।
4. परियोजना प्रबन्धक, मै0 के0पी0टी0एल0, अलीगढ़।

29/05/2026

अधिशासी अभियन्ता

# ग्राम असनेता जहांगीराबाद नियमित जलापूर्ति












# जल जीवन मिशन वाटर वर्क्स से सोलर केबिल चोरी: असनेता जहांगीराबाद में दो सोलर पैनल भी क्षतिग्रस्त

धनेश कुमार रावत | लोधा(अलीगढ़), अलीगढ़ 28/05/26




शेयर

लोधा थाना क्षेत्र के असनेता जहांगीराबाद गांव में जल जीवन मिशन योजना के तहत संचालित वाटर वर्क्स परिसर में चोरी की घटना सामने आई है। अज्ञात चोरों ने यहां से सोलर केबिल चुरा ली और दो सोलर पैनलों को भी क्षतिग्रस्त कर दिया। पुलिस ने इस संबंध में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

कल्पतरु प्रोजेक्ट इंटरनेशनल लिमिटेड के परियोज़ना प्रबंधक ज्ञान प्रकाश सिंह ने लोधा थाने में तहरीर दी है। उन्होंने बताया कि यह वाटर वर्क्स जल जीवन मिशन के चरण-3 के तहत ग्रामीण पेयजल योजनाओं के निर्माण का हिस्सा है। इस परियोजना में ट्यूबवेल, इंटेक वेल, वाटर ट्रीटमेंट प्लांट, पाइपलाइन नेटवर्क और घरेलू कनेक्शन जैसे कार्य शामिल हैं।

तहरीर के अनुसार, यह घटना 5 मई की रात करीब दो बजे हुई। अज्ञात चोर असनेता जहांगीराबाद स्थित वाटर वर्क्स परिसर में घुस गए। चोरों ने लगभग 180 मीटर सोलर केबिल और 50 मीटर फ्लो मीटर केबिल चुरा ली। इसके अतिरिक्त, दो सोलर पैनलों को भी नुकसान पहुँचाया गया।

घटना की जानकारी सबसे पहले पंप ऑपरेटर कन्हैया लाल ने कंपनी प्रतिनिधियों और जल निगम के जूनियर इंजीनियर को दी। कंपनी प्रतिनिधियों ने ग्रामीणों से पूछताछ की, लेकिन कोई ठोस सुराग नहीं मिला। इसके बाद यूपी-112 पर सूचना दी गई, जिसके बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मामले की पड़ताल की।

लोधा थाना पुलिस ने प्राप्त तहरीर के आधार पर अज्ञात चोरों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर लिया है। थाना प्रभारी हेमन्त मावी ने बताया कि पुलिस ने मामला दर्ज कर लिया है और चोरों की तलाश में जुट गई है।